## संक्षिप्त

### बच्चों को पठन सामग्री बांटी

**टोंक।** सेव अवर अर्थ फाउंडेशन, एनजीओ द्वारा सर्दी के मौसम को देखते हुए भट्टा बस्ती पलड़ा रोड, सोहेला में खानबदोश जरूरतमंद लोगों को ऊनी व अन्य कपड़ों और जूते, चप्पल व बच्चों को पठन सामग्री का वितरण किया गया। एनजीओ के संस्थापक व अध्यक्ष दीपराम महावर ने कहा कि आप हमारे एनजीओ के मुहिम एक वस्तु महाअभियान के भागीदार बनकर एक रुपया, एक पेन, एक पेंसिल, एक बुक, एक बैग, एक साड़ी, एक जोड़ी जूते-चप्पल, सेनेटरी पैड या कोई भी नई या पुरानी उपयोगी वस्तु देकर गरीब व जरूरतमंद महिलाओं व लोगों के चेहरों पर मुस्कान और खुशी ला सकते हैं। इस अवसर पर एनजीओ संस्थापक व अध्यक्ष दीपराम महावर, महासचिव पुष्पा महावर, पंकज महावर, विमल महावर उपस्थित रहे।

### बंदुक सहित एक गिरफ्तार

**मालपुरा** (निस) पचेवर थाना पुलिस ने जिला पुलिस अधिक्षक राजर्षि राज वर्मा के आदेशानुसार एएसपी पुष्पेन्द्र सिंह व डीएसपी चक्रवर्ती सिंह राठोड के मार्ग दर्शन मे विशेष अभियान के अन्तर्गत थाना क्षेत्र के बाछेडा से रायथल्या की और जाने वाले कच्चे रास्ते पर अवैध रूप से एक नाली बंदुक लेकर घुम रहे छोटु पुत्र गोपी बावरी निवासी बाछेडा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बंदुक को जप्ती की कार्यवाही कर आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट मे मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

### ट्रैक्टर ट्रोली जब्त

**मालपुरा** (निस) बीते दिनो जिला कलेक्टर की अध्यक्षता मे हुई बैठक में अवैध खनन व परिवहन की रोकथाम को लेकर कलेक्टर सौम्या झां के कडे रूख के बाद हरकत मे आई लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस ने अवैध खनन व परिवहन की रोकथाम के लिए विशेष दल का गठन कर निगरानी शुरू की गई। राज्य सरकार की सो दिवसीय कार्य योजना में अवैध खनन पर रोकथाम की कार्यवाही का आंकडा बढाते हुए रविवार को लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस ने बीलेडा से देवल सडक मार्ग पर नांकाबंदी के दौरान बजरी से भरे एक ट्रेक्टर-ट्रोली को जप्ती की कार्यवाही की।

# भाजपा को राम मंदिर से वोट मिल जायेंगे तो वो प्रचार करना छोड़ दे : जूली

**टोंक।** कांग्रेस नेता टीकाराम जूली, पूर्व मंत्री अशोक चांदना के निवास पर जाते हुए कुछ समय टोंक रुके जहां कांग्रेस जनों से मुलाकात की, नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस की पिछली सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का काम शुरू कर दिया है, उन्होने कहा की 100 दिन के कार्य योजना की सरकार

> ■ भाजपा सरकार ने कांग्रेस सरकार की योजनाओं को बंद करने का कार्य शुरु कर दिया है : जुली

दावे कर रही थी. लेकिन कुछ दिनो में ही भाजपा का चेहरा सामने आ चुका हैं, लेकिन अभी तक प्रदेश में कोई काम नहीं हुआ है, केवल हवाई दावे हो रहे हैं, धरातल पर कुछ नहीं। वही नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा की करनी और कथनी में अंतर बताया और टोंक विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद सबसे पहले बेरोजगारों पर वार किया है और युवाओं को निराश किया है, भाजपा ने कई संविदा नौकरियों को बंद कर दिया।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली जयपुर से हिंडोली जाते वक्त हाइवे पर स्थित राज मिडवे होटल पर पत्रकारों से वार्ता की और कांग्रेस के युवा नेता हंसराज गाता के नेतृत्व में स्वागत किया गया, जहां जुली ने कहा कि लोकसभा चुनावों कों लेकर कांग्रेस की सभी कॉर्डिनेटर की शांति समिति की बैठक हो चुकी लोकसभा में कांग्रेस 25 सीटे जितने जा रही है, वही भाजपा पर जुली ने आरोप लगाया की अगर भाजपा को राम मंदिर से वोट मिल जायेंगे तो वो प्रचार करना छोड़ दे क्यू गली गली घूम रहे है भाजपा नेता। इस मौके पर कांग्रेस के युवा नेता हंसराज गाता, शब्बीर अहमद, वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र गोयल, रेल लाओ संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष अकबर खान, निसार अहमद, जेबा खान, राशन डीलर प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेसी सरताज अहमद, राजीव बंसल, अख्तर सुलेमान, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष शैलेष गुर्जर ,किरोडी लाल मीणा, सुभाष मिश्रा, जावेद चिश्ती, फिरोज पार्षद आदि सैकडों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।



पूर्व मंत्री अशोक चांदना के निवास पर जाते हुए कांग्रेस नेता टीकाराम जूली कुछ समय टोंक रुके जहां कांग्रेस जनों से मुलाकात की ।

### आठ बदमाश गिरफ्तार

**टोंक।** पुलिस मुख्यालय जयपुर द्वारा अपराधियों की धरपकड हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा द्वारा निवाई क्षेत्र मे वांछित अपराधियों, अवैध फायर आर्म्स व सक्रिय अपराधिये की धरपकड के दौरान महावीर सिंह वृत्ताधिकारी निवाई एवं हरिपाल सिंह थानाधिकारी निवाई की कार्यवाही में निवाई क्षेत्र मे पांच सक्रिय अपराधियों सहित कुल 08 व्यक्तियो को सीआरपीसी एक्ट में गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार आरोपियों में हंसराज पुत्र रामकल्याण मीणा जाति मीणा उम्र 29 साल निवासी बफलावतो की ढाणी जुगलपुरा, हरिराम पुत्र भागीरथ जाति गुर्जर उम्र 38 साल निवासी हाडा वाली ढाणी, मुकीम कुरैशी पुत्र यासिन कुरैशी जाति मुसलमान उम्र 45 साल निवासी नसिया मन्दिर के सामने निवाई, सलमान पुत्र शरफू जाति मैवाती मुसलमान उम्र 25 साल निवासी भगतसिंह कोलोनी निवाई, अशोक पुत्र रामनिवास जाति रैगर उम्र 35 साल निवासी वार्ड न॰ 11 कस्बा निवाई, बाबूलाल पुत्र मोतीलाल जाति मीणा उम्र 46 साल निवासी खण्डदेवत रोड डींग की ढाणी, मुकेश पुत्र श्री रतन लाल जाति मीणा उम्र 40 साल निवासी वार्ड न॰8 बनस्थली मोड निवाई, तथा बाबूलाल पुत्र श्री धन्नालाल जाति मीणा उम्र 22 साल निवासी चोरपुरा थाना निवाई जिला टोंक शामिल है।

## सार-समाचार

### जलाशय के चहुंओर गंदगी का साम्राज्य



सांभर जलाशय के चारों और झाड़ियों ने अपना साम्राज्य बना लिया है।

**सांभरझील,** (निसं)। मुगल सिंधी मोहल्ला स्थित जलदाय विभाग के उच्च जलाशय के चारों तरफ गंदगी का आलम बना हुआ है। करीब एक साल से इसकी कोई सुध नहीं ली जा रही है। जलाशय के चारों ओर कंटीली झाड़ियों ने अपना साम्राज्य बना लिया है। काफी अरसा पहले पेयजल सप्लाई करने वाली पाइप लाइन में भारी लीकेज ठीक करने के लिए नीचे करीब 4 से 5 फुट गहरा गड्ढा किया गया था, तभी से इस गड्ढे को आज तक नहीं भरा गया है। सफाई व्यवस्था किस कदर हो रही है इस बात का अंदाजा भी जलाशय के चारों ओर जमा गंदगी से सहजता से लगाया जा सकता है। आबादी के मध्य स्थित इस जलाशय की कब साफ सफाई की जाती है इस बारे में भी कोई तिथि लंबे समय से अंकित नहीं की हुई है। कुल मिलाकर जलदाय व सफाई व्यवस्था का जिम्मा संभाले लोकल बॉडी अपने कर्तव्य से पूरी तरह से मुंह मोड़ चुकी है।

### अवैध खनन के विरूद्ध कार्रवाई

**कोटपूतली।** निकटवर्ती सरूण्ड थाना पुलिस ने अवैध खनन के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। एसएचओ राजेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान पुलिस द्वारा अवैध खनन के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

## लोकसभा चुनाव की तैयारी

**अलवर ।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर अलवर लोकसभा की 8 विधानसभाओं में से 2 विधानसभा क्षेत्र में आज मीटिंगों का आयोजन किया गया।

कोस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया की आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मुण्डावर विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक मुण्डावर व ब्लॉक नीमराणा में एवं बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक माँजरी कलां एवं ब्लॉक बहरोड़ में ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्षों कार्यकारिणी सहित मीटिंग आयोजित की गई। कांठोसजनों ने अलवर लोकसभा के ऱ्द्धष्टष्ट समन्वयक श्री धर्मेंद्र राठौड़ एवं जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा जी का सूत की माला व साफा पहनकर स्वागत अभिनंदन किया ।

धर्मेन्द्र राठौड़ ने अपने सम्बोधन में कहा की देश में लोकतंत्र एवं संविधान बचाने के लिए कांठोस को सत्ता में लाना बेहद जरूरी है। भाजपा चुनाव जीतने के लिए धार्मिक ध्रुवीकरण करती है, भारतीय जनता पार्टी ने राजस्थान को केंद्र शासित प्रदेश बना दिया है, लोकसभा चुनाव में कांठोस पार्टी जिसे भी उम्मीदवार तय करेगी ।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा प्रत्येक कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी की नींव का पत्थर है, आगामी लोकसभा चुनाव में प्रत्येक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी को इस तरह से कार्य करना है कि जैसे कि वह खुद ही चुनाव लड़ रहा है इस दौरान कांठोस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, विधायक ललित यादव , संजय यादव, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर,प्रदेश महासचिव श्रीमती सुमन यादव, प्रदेश सचिव श्रीमती अर्चना सुराणा, रोहिताश चौधरी, प्रवक्ता रिपुदमन गुप्ता, प्रकाश गंगावत, राहुल पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष संजय चौहान, अखिलेश कौशिक, प्रभुदयाल, डॉ. संदीप सैनी, इंजी. मनोहर यादव, के के खंडेलवाल, राकेश यादव, महावीर, दिलीप अधाना , राजेश्वर सिंह, अमिलाल सैनी, रवि सैनी,आदि मौजूद रहे।

# 8 वर्षों से फरार डकैती के अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कोटपूतली।** निकटवर्ती पनियाला थाना पुलिस ने डकैती के एक प्रकरण में विगत 08 वर्षो से फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। एसएचओ बाबूलाल मीणा ने बताया कि 12 अक्टुबर 2015 को जयपुर के घाट गेट निवासी मौहम्मद शहजाद कुरैशी ने अपने चालक इस्लामुद्दीन के साथ थाने पर उपस्थित होकर दर्ज करवाया था कि 11 अक्टुबर 2015 को परिवादी यूपी के मेरठ से जयपुर के लिए रवाना होकर 12 अक्टुबर 2015 को पनियाला पुलिया के आसपास पहुंचे। तभी एक बोलेरो कार में सवार 7-8 जनों ने उनकी गाडी महिन्द्रा लोगान कार के सामने अपनी गाडी लगाकर रूकवा लिया। फिर मारपीट करना शुरू कर दिया। उनमें से एक व्यक्ति ने कार की ड्रा वर सीट पर बैठकर व परिवादी के साथी को बोलेरो में बैठाकर ग्राम गोनेड़ा की ओर एक बाउण्ड्रीशुदा सुनसान जगह पर ले गये। जहाँ पर मारपीट करते हुए गाड़ी में सवार औरतों से उनके जेवरात व नकदी रूपये, ड्रा वर इस्लामुद्दीन से 07 हजार नकद व मोबा ल की बैट्री एवं परिवादी मौहम्मद शहजाद कुरैशी से 01 लाख 26 हजार 550 रूपयों की नकदी व मोबा ल व डिगी में रखे हुए जेवरात समेत कुल 03 लाख रूपयों की नकदी लूटकर ले गये एवं गाड़ी की चाबी फेंक कर कागजात व आरसी आदि भी जला दी।

प्रकरण में पुलिस ने शेरू खां, सलीम उर्फ सम्भु, याद मौहम्मद, वसीम, ताहिर, सद्दाम को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया था। जबकि शेष अभियुक्त हरियाणा के पलवल के हथिन थाना क्षेत्र के ग्राम उटावड़ निवासी राकेश सोनी उर्फ भूरा (31) पुत्र धर्मपाल सुनार फरार चल रहा था। जो कि अपने नाम व पता बदलकर पिछले 08 वर्षो से फरारी काट रहा था। उक्त अभियुक्त को पुलिस ने मुखबीर की सूचना व सा बर टैक्नोलॉजी की मदद से हरियाणा के पलवल जिला स्थित हथिन से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त की गिरफ्तारी में कानि. लखन सिंह की विशेष भूमिका रही।



कोटपूतली पुलिस ने फरार डकैती के अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

### बनास नदी में मिला युवक का शव

**टोंक।** देवली उपखण्ड क्षेत्र के नेगड़िया पुलिया पर रविवार सुबह खड़ी स्कूटी व खुली चप्पलों की आशंका तब सच निकली जब दोपहर स्थानीय टीम व एसडीआरएफ की टीम ने बनास नदी में युवक के शव को ढूंढ निकाला।

देवली पुलिस ने बताया कि जिस जगह से युवक ने छलांग लगाई, उसी के पास उसका शव पाया गया, जिसे एसडीआरएफ टीम ने बाहर निकाला और शव को राजकीय अस्पताल देवली की मोर्चरी में ले गये। उक्त हादसे की जानकारी पर उपखंड अधिकारी दुर्गा प्रसाद, पुलिस उपाधीक्षक सुरेश कुमार, थाना प्रभारी भंवरलाल, तहसीलदार राम कल्याण समेत अधिकारी मौजूद रहे तथा उनकी मौजूदगी में गठित टीम ने सर्च अभियान चलाकर युवक के शव का पता लगा लिया उक्त युवक राजेंद्र पुत्र घीसालाल गुर्जर निवासी तिलक नगर (जयपुर रोड) देवली का होना पाया गया है। जिसकी स्कूटी व चप्पल बनास नदी की पुलिया पर पाई गई थी. इस आधार पर पुलिस ने बनास नदी में युवक की तलाश शुरू की तथा इसमें दोपहर ढाई बजे युवक का शव निकालकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनो को सौंप दिया।

### भामाशाहों ने दिया सहयोग

**मालपुरा** (निस) प्रदेश की सभी सरकारी विद्यालयो मे वार्षिक उत्सव मनाने के राज्य सरकार व शिक्षा विभाग के आदेशो पर रविवार को शहर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उर्दू ब्लॉक मालपुरा मे सालाना जल्सा व प्रतिभा एवं दानदाता सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय परिवार की और से सभी अतिथियो का माला व राजस्थानी पगडी पहना तहेदिल से ईस्तबाल किया गया। मंचाशीन कांग्रेस शहर अध्यक्ष मो. इस्हाक नकवी, जिला परिषद सदस्य छोगालाल गुर्जर, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्योजीराम बैरवा, वरिष्ठ नागरिक ईकबाल दादा, एडवोकेट मजर आलम, मुजाहिद अली, मोहम्मद हनीफ, डॉ. अब्दुल रज्जाक , ग्राम सेवा सहकारी समिति मालपुरा अध्यक्ष मुंशी खां रंगरेज व सैय्यद फारूक अली ने कहा कि सरकारी विद्यालयो मे पढाने वाले शिक्षक निजी विद्यालयो की तुलना मे विधार्थियो को बेहतर तालीम देते है लेकिन आज का अभिभावक व विधार्थी निजी विद्यालयो की और दौड रहा है।

## भैंरू जी का वार्षिकोत्सव तीस को

**कोटपूतली।** निकटवर्ती ग्राम कल्याणपुरा कुहाड़ा स्थित अरावली की पहाडियों में बने श्री छांपाला वाला भैंरू जी मंदिर का 15 वाँ वार्षिकोत्सव समारोह आगामी 30 जनवरी मंगलवार को बड़े ही घूमधाम के साथ आयोजित किया जायेगा। इस मौके पर विशाल व भव्य मेला, भण्डारा व जागरण का आयोजन होगा। मेले को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इसको लेकर पिछले एक माह से ग्रामीण जन सहयोग से भंडारे की तैयारियों में जुटे हुए है। वहीं भण्डारे के लिए एक सप्ताह से ग्रामीणों द्वारा जेसीबी-थ्रेसर की सहायता से चूरमा बनाया जा रहा है। भण्डारे में करीब ढ़ाई लाख श्रद्धालू भैंरू बाबा की प्रसादी पायेगें। जिनके लिए 515 क्विंटल (51 हजार 500 किलो) चूरमा तैयार किया जा रहा है। भैंरू जी का विशाल भण्डारा मंगलवार 30 जनवरी को है, लेकिन इतनी बड़ी मात्रा में चूरमा बनाने के लिए तैयारियां महीने भर पहले से शुरू हो जाती हैं और चूरमा करीब सात दिन पहले बनना शुरू हो जाता है। खास बात यह है कि इसे बनाने के लिए जेसीबी, ट्रैक्टर ट्रॉलियों और थ्रेसर काम में लिए जाते हैं। यह मेला अब प्रदेश में इस खास अंदाज में बनाए जाने वाले चूरमे के कारण ही जाना जाता है। मेले में आसपास के ग्रामीण अपने स्तर पर मैनेजमेंट संभालते हैं। मान्यता है कि यहां भैंरू जी को विशेष प्रसादी में चूरमे का भोग लगाया जाता है। पिछली बार यहां 350 क्विंटल का प्रसाद बनाया गया था और इस बार 515 क्विंटल चूरमे का भोग लगाया जायेगा। 23 जनवरी से चूरमा बनाने का काम शुरू हो गया। इसके लिए इस बार 50 बीघा से अधिक क्षेत्र में पाण्डाल तैयार किया गया है।

मेले में प्रत्येक ग्रामीण देता है सेवा - सरपंच विक्रम छावड़ी ने बताया कि इस बार मेले में 2.5 लाख से अधिक श्रद्धालूओं के आने की संभावना है। इसके लिए 515 क्विंटल प्रसादी तैयार की जा रही है। गांव के प्रत्येक घर से एक व्यक्ति रोजाना अपना समय निकालकर यहां अपनी सेवा दे रहा है। एक समय में यहां कम से कम 100 लोगों की टीम हमेशा रहती है। 150 क्विंटल आटा, 80 क्विंटल सूजी व 70 किलो दूध से चूरमे के रोट तैयार किये जा रहे हैं। चूरमा रोट से बनेगा, रोट सेंकने के लिए 200 क्विंटल गोबर के उपलों को काम में लिया जा रहा है। 04 दिन तक सेंके गए रोट के लिए रोजाना 140 मीटर लम्बा व 20 फीट चौड़ा जगरा तैयार किया गया है। रोट को जगरे से निकालने के बाद कम्प्रेसर से इनकी सफाई की जाती हैं ताकि इनमें राख के कण नहीं रहे। रोट सेंकने के बाद पहले इनको ट्रॉलियों में भरा जा रहा है, फिर पीसने के लिए खेती में काम आने वाली थ्रेसर मशीन काम में ली जा रही है। थ्रेसर मशीन को काम में लेने से पहले अच्छे से साफ किया गया है। चूरमे को पीसने के बाद इसका ढ़ेर बनाया जा रहा है। रोट सेंकने का काम 23 जनवरी से शुरू किया गया है। रोजाना दो ट्रॉली रोट सेंके जा रहे है। दो दिन के सेंके गए रोट यानी 04 ट्रॉली रोट को 24 जनवरी को थ्रेसर की मदद से पीसा गया।

### उपेन यादव ने खुशी जाहिर की

**मनोहरपुर ।** राजस्थान - मध्यप्रदेश के बीच ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट (ईआरसीपी) पर सहमती बनने की खुशी में भाजपा नेता उपेन यादव के नेतृत्व में शाहपुरा विधानसभा क्षेत्रवासियों ने पटाखे छोड़कर जताई खुशियां मंडी तिराहे पर पटाखे छोडकर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री भजन लाल जी का आभार जताया।भाजपा प्रत्याशी उपेन यादव ने खुशियां जताते हुए मुख्यमंत्री जी का आभार जताया और कहा कि अब शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र को भी पीने का पानी मिलेगा जिससे शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र वासियों को बड़ी राहत मिलेगी। मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री और राजस्थान मुख्यमंत्री के बीच आज ईआरसीएपी को लेकर सहमति बनने के बाद इस योजना से राजस्थान के 13 जिलों में पेयजल संकट का समाधान होगा। पूर्व अध्यक्ष रविश खटाणा,महेश कुमार डबास, अमर चावला, रामावतार बुनकर, फुलचंद मोदी सहित कई लोग मौजूद रहे ।

# कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का जन्मदिवस सोमवार को

**कोटपूतली।** राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का 54 वाँ जन्मदिन सोमवार को धुमधाम के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर जगह-जगह सेवा कार्यो व खेलकूद गतिविधियों एवं मेडीकल कैम्प का आयोजन होगा। वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना द्वारा बानसूर रोड़ स्थित श्री जयसिंह गौशाला व ग्राम पुरूषोत्तमपुरा स्थित श्री जगन्नाथ गौशाला में गौ सेवा सवामणी कार्यक्रम का आयोजन होगा। वहीं अशोका कोचिंग संस्थान के तत्वाधान में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

भाजपा पूरब मंडल संयोजक इंजी. विक्रम कसाना ने बताया कि संस्थान के सामने खेल मैदान में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करवाकर विजेताओं को पुरूस्कृत किया जायेगा।

> ■ विभिन्न स्थानों पर सेवा कार्यो व खेलकूद गतिविधियों का होगा आयोजन

इसी प्रकार भाजपा नेता यादराम जांगल द्वारा ग्राम सांगटेडा स्थित खेल मैदान में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। वहीं भाजपा नेता उदय सिंह तंवर द्वारा ग्राम सरूण्ड स्थित पटवारी धर्मशाला में विशाल नि:शुल्क नेत्र जाँच एवं ऑपरेशन कैम्प लगाया जायेगा। जिसमें मिश्री देवी आई हॉस्पिटल, बहरोड़ के सुप्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विरेन्द्र सिंह यादव अपनी सेवायें देगें। कैम्प में नेत्र के विभिन्न रोगों की जांच कर नि:शुल्क दवायें दी जायेगी। साथ ही चयनित रोगियों को ऑपरेशन के लिए ले जाया जायेगा। इसी प्रकार भाजयुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष टिंकु सिंह शेखावत, पाथरेड़ी द्वारा राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

उप प्रधान प्रतिनिधि एड. राजेन्द्र रहीसा द्वारा राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर एवं फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन भी किया जायेगा। वहीं ग्राम सुन्दरपुरा में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन होगा। पंसस प्रतिनिधि एड. विक्रम कसाना ने बताया कि बाबा माधवदास खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिता में विजेता खिलाडियों को पुरूस्कार प्रदान किये जायेगें।

# लालसोट पालिका में अध्यक्ष कांग्रेस सिंबल से या भाजपा सिंबल से जीता हुआ बनेगा चर्चा का विषय

**दौसा।** नगर पालिका लालसोट के अध्यक्ष पद पर विश्वास आने के बाद हुए रिक्त पद को लेकर चुनाव कार्यक्रम घोषित हुआ है एवं इसी को लेकर नगर पालिका लालसोट में अध्यक्ष कांठोस पार्टी का बनेगा या फिर भाजपा पार्टी का बनेगा इसको लेकर चर्चाएं गर्म है।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिका लालसोट अध्यक्ष पद पर अविश्वास आने के बाद रिक्त हुए पद पर अध्यक्ष पद चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी कर उपचुनाव कार्यक्रम की घोषणा की गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार लालसोट नगर पालिका में 29 जनवरी को लोक सूचना जारी होने के साथ 30 जनवरी को सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। इसी तरह नामांकन पत्रों की समीक्षा 31 जनवरी बुधवार को सुबह साढ़े दस बजे से की जाएगी एवं 1 फरवरी गुरुवार को

> ■ अविश्वास के बाद अध्यक्ष का चुनाव कार्यक्रम हुआ घोषित

अभ्यर्थीता वापस लेने का समय दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। नाम वापसी के तुरंत बाद चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जाएगा। चार फरवरी रविवार को मतदान दस बजे से दोपहर दो बजे तक किया जाएगा इसी तरह उसी दिन मतदान समाप्ति के पश्चात मतगणना की जाएगी।

लालसोट नगर पालिका अध्यक्ष रक्षा मिश्रा के खिलाफ पार्षदों द्वारा एकजुट होकर 29 दिसंबर 2023 को कलेक्टर के समक्ष पालिका अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास को लेकर ज्ञापन दिया था जहां 12 जनवरी को विधिवत करीब 31 पार्षदो सहित द्वारा विधायक रामबिलाश मीणा द्वारा अध्यक्ष रक्षा मिश्रा के खिलाफ मतदान कर अविश्वास प्रकट करते हुए पालिका अध्यक्ष के विपक्ष में मतदान किया था। चर्चा है की जिस तरह अति उत्साहित भाजपा द्वारा जितने से पहले ही श्री करणपुर विधानसभा सीट से प्रत्याशी को मंत्री बना दिया गया उसके बाद भी वहां से भाजपा को करारी हार मिली। इसी तरह लालसोट नगर पालिका अध्यक्ष पद पर भी भाजपा खुद की पार्टी से सिंबल पर जीता हुआ पार्षद को अध्यक्ष बनने में नाकामयाब रही तो श्री करनपुर के बाद भाजपा को लालसोट पालिक अध्यक्ष के अविश्वास लाने के बाद भी भाजपा के सिंबल पर चुनाव लड़ा हुआ पार्षद चेयरमैन नहीं बन, कांठोस के सिंबल पर चुनाव लड़कर पार्षद बना व्यक्ति पालिका अध्यक्ष बनने के साथ भाजपा की प्रदेश में दूसरी हार होगी ये चर्चा है। गौरतलब है कि लालसोट नगर पालिका में अध्यक्ष के प्रति अविश्वास आने के बाद पालिका अध्यक्ष कौन बनेगा इसको लेकर गहमागहमी चल रही है एवं पार्षदों को अज्ञात स्थान पर रखा गया है। साथ ही लालसोट नगर पालिका अध्यक्ष पद पर भाजपा के कुछ पार्षदों द्वारा स्वर मुखर करते हुए भाजपा के सिंबल पर ही चुनाव लड़े पार्षद को अध्यक्ष पद के लिए नामित करने की चर्चा ने जोर पकड़ रखा है। बहरहाल अब देखना होगा कि लालसोट पालिका अध्यक्ष पद पर चालू हुई यह राजनीतिक लड़ाई कांठोस के सिंबल पर जीते पार्षद को अध्यक्ष बनाकर समाप्त होती है या फिर भाजपा के सिंबल पर लड़े पार्षद को अध्यक्ष बनाकर खत्म हो पाएगी। इस मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल शर्मा का कहना है कि अगर कोई व्यक्ति भाजपा विचारधारा से कार्य करना चाहे एवं पार्टी की सदस्यता लेकर आए तो उसका स्वागत है। वही लालसोट नगर पालिका में अध्यक्ष का टिकट किसे मिलेगा यह कोर कमेटी के द्वारा निर्णय होना है। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा वाला पार्षद ही पालिका का अध्यक्ष बने यही पार्टी की प्राथमिकता है।

### गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

**मनोहरपुर।** गणतंत्र दिवस के मुबारक मौके पर नूरानी मस्जिद मैनेजमेंट एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित मदरसा इमाम अहमद रजा एकेडमी करीम नगर खो नागोरियान जयपुर में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया इस मुबारक मौके पर झंडा फहराया गया और राष्ट्र गान हुआ। और मिठाइयां बांटी गई।इस समारोह में स्थानीय लोग काफी संख्या में मौजूद रहे।

कांग्रेसी नेता मौहम्मद अय्यूब ने 75 वें गणातंत्र दिवस की शुभकामनाएं व बधाई देते हुए संविधान की मर्यादा एवं संविधान को कायम रखने के लिए सर्वधर्म सर्वजाती वर्ग का सम्मान करते हुए सभी को एकजुट होकर भारत की एकता अखंडता को कायम बरकरार रखने के लिए विचार व्यक्त किया एवं सभी ने संकल्प ले शपथ ली ! मिठाई वितरण कर सभी ने अल्पाहार किया । एक दूसरे को मिठाई खिला गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं बधाई प्रेषित की।

# मंत्री ने साइकिल चलाकर दिया प्रदूषण नियंत्रण एवं स्वस्थ पर्यावरण का संदेश

**अलवर।** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्रा प्रभार) संजय शर्मा ने कम्पनी बाग स्थित शहीद स्मारक से वायु प्रदूषण रोकथाम एवं स्वच्छ पर्यावरण के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्राण मंडल अलवर द्वारा आयोजित की गई साइकिल रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया एवं रैली में साइकिल चलाकर स्वस्थ पर्यावरण का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखना हम सभी का नैतिक दायित्व है। पर्यावरण शुद्ध होगा तभी हमारा स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। उन्होंने आमजन से पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम हेतु अपील की कि पॉलिथिन का कम से कम उपयोग करें तथा जीवन में प्रत्येक जीवन कम से कम एक पौधा लगाने का संकल्प लेवे। साइकिल रैली शहीद स्मारक से मन्नी का बड, पुलिस कंट्रोल रूम होते हुए होप सर्कस, घंटाघर, काशीराम चौराहा, भगतसिंह चौराहा, बिजली घर होते हुए नंगली सर्किल से वापस शहीद स्मारक पर सम्पन्न हुई।

इस दौरान राज्य प्रदूषण नियंत्राण मंडल अलवर के क्षेत्राीय अधिकारी दीपेंद्र झरवाल, मंडल कोषाधिकारी नरेश नाहर, डॉ. के.के शर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी रोहित मीणा, पं. जलेसिंह, प्रकाश अडिचवाल, महेश शर्मा, तिलक राज अरोड़ा, पथिक लोक सेवा समिति से मुकेश, पर्यावरणविद अंशुल शर्मा सहित अलवर पैडल्स गुरप, तथा शहर के प्रबुद्धजन एवं बडी संख्या में आमजन ने भाग लिया।



वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संजय शर्मा ने साइकिल रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया